investigation for base-metals in Rora-thang-Mamjang-Jamthang block of East Sikkim.

In Darjeeling area GSI has completed survey for coal and has estimated an inferred reserve of about 15 million tonnes.

(c) Does not arise.

अभ्रक की खानें

2624. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय किन-किन स्थानों और राज्यों में अभ्रक की खानें हैं तथा उनमें से कितनी खानें चालू अवस्था में हैं और कितनी बंद पड़ी हैं ; और

(ख) क्या सरकार बंद पड़ी खानों को पुनः चालू करने का विचार रखती है और यदि हां तो, इसका ब्यौरा क्या है ; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) अभ्रक का खनन मुख्यतः बिहार : राजस्थान और आंध्र प्रदेश राज्यों में होता है ।

इन राज्यों में अभ्रक खानों वाले खास स्थान इस प्रकार है :—

बिहार :—मोहनरिया, खलकथम्बी बरिया, भानेखाप, खिरोनिया, भूरा, देबोर, बंदारचुआ, सेतवा, फगुनी, बिन्देश्वरी, मोहागाजो, जमुना, मोहगेन, बारासिंहा, चरकीपहाड़ी, साफी (धरबे) शिवशंकर जमुनिया सुरंगी, कूडी, सरापहाड़ी, सेवा धाव सुरनाई, नरेना, लक्ष्मीजोट, पंचरूखी, सिंहोपहाड़ी, पेसाम चरखापठानी, बिजया, दोमचाच-बरिया, राखवा ।

राजस्थान : कृष्णा (पोटलन), दास्ता (भुनास), टून्का, गणेशपुरा, बंजारी, भाडू (बंजाह), अन्नपूर्णा, लौआरिया-भगवानपुरा, गनेश, गनेशभंडेर, बिलिया, डीमिया, बिशनिया, बिजोय, बिसुन्दनी, शंकरबारे, बारटा, धोली, भोजपुरा, केराला, कौन्थल, भगतपुरा भीलमोगरा, मोदाहारदा, जीवन, धंडबरिया ।

आंध्र प्रदेश :—श्रीवेंकटेश्वर, आनन्दकल्याणी जानकीराम, कुबेर, पल्लीमिट्टा, तेल्लाबोदू, वेंकटेश्वर, शाह विश्वेश्वर श्री रामकृष्णा, विनायक, एल० एन० खान, मीनाक्षीसुन्दरम, शंकर, श्रीकृष्णा, सीतारामा, कल्याणरामा, भवन शंकर, सीतारामाचंद्रा, सिद्धेश्वरा, कन्याकुमारी, भवानी, कनकदुर्गा, वेंकटेश्वर, सुवर्णा गौरी ।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश में कुल अभ्रक खानों में कमी आई है, 1972 में 438 थीं और 1990 में 133 हैं ।

(ख) अभ्रक खनन उद्योग को पुनः चालू करने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाये हैं :—

(1) अभ्रक कतरन के लिए निर्माताओं को उचित मूल्य दिलाने के लिए खरीद नीति में संशोधन ।

(2) वर्धित मूल्य अभ्रक आधारित वस्तुओं के लिए उद्योगों की स्थापना करना ।

Bharat Gold Mines Limited

2625. SHRI G. Y. KRISHNAN- Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Bharat Gold Mines Ltd. (BGML), Kolar Gold "fields has become a loss-making unit as gold content in the ore has reduced and extraction has been dwindling for almost a decade;